कहा प्रभु से बिगड़ता क्या

कहा प्रभु से बिगड़ता क्या,
मेरी बिगड़ी बनाने में...-2

मजा क्या आ रहा तुमको,
मुझे दर दर घूमाने में
कहा प्रभु से बिगड़ता क्या.......

वे बोले क्यों मेरे पीछे,
पड़ा तू रोज रहता है,
मैं बोला, दूसरा कोई
और बता दो इस जमाने में
कहा प्रभु से बिगड़ता क्या.......

वे बोले कि हजारों हैं,
करूंगा कृपा किस किस पे
मैं बोला साफ ही कह हो,
बचा कुछ नहीं खजाने में
कहा प्रभु से बिगड़ता क्या.......

वे बोले होश में बोलो,
नहीं तो रूठ जाऊँगा,
मैं बोला हो बड़े माहिर,
जल्दी रूठ जाने में
कहा प्रभु से बिगड़ता क्या.......

कहीं कुछ साधना की है,
वो बोले तो कहा मैंने
सुना है रीझ जाते हो
फकत आंसू बहाने में
कहा प्रभु से बिगड़ता क्या.......

वे बोले मेरी मर्जी है,
करूंगा जो भी चाहूंगा
मैं बोला कर दो परिवर्तन,
करूणानिधि कहाने में
कहा प्रभु से बिगड़ता क्या.......

वे बोले करुणा दया न होती
तो जन राजेश ना होते
मैं बोला हर्ज फिर क्या है,
मुझे मुख छवि दिखाने में
कहा प्रभु से बिगड़ता क्या,
मेरी बिगड़ी बनाने में......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/22910/title/kaha-prabhu-se-bigadta-kya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |